राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण की पाँचवी बैठक आयोजित

चर्चा में क्यों?

2 जनवरी, 2023 को राजस्थान के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री हेमाराम चौधरी की अध्यक्षता में जयपुर में राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण की पाँचवी बैठक आयोजित हुई, जिसमें आर्द्रभूमि को संरक्षित रखने के लिये अधिकारियों को प्रतिबद्धता के साथ काम करने के निर्देश दिए गए।

प्रमुख बिंदु

- इस बैठक में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री हेमाराम चौधरी द्वारा राज्य के 20 ज़िलों में स्थित 50 आर्द्रभूमियों को अधिसूचित करने की अनुमति प्रदान की गई तथा आगामी समय में इनकी संख्या बढाकर 100 से अधिक किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया।
- इसके अलावा भारतीय रेलवे द्वारा सांभर क्षेत्र में प्रस्तावित डेडिकेटेड टेस्टिंग ट्रैक के लिये 04 हैक्टर में कार्य कराने हेतु प्रस्ताव भारत सरकार की अनुमति के लिये भेजने का निर्णय भी लिया गया।
- मंत्री हेमराम चौधरी ने बैठक में पर्यावरण विभाग द्वारा की गई 'राज्य पर्यावरण योजना'का विमोचन भी किया, जिसके तहत विभिन्न अपशिष्ट प्रबंधन, वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, वन प्रबंधन, औद्योगिक प्रदूषण, आर्द्र भूमि प्रबंधन, ध्वनि प्रदूषण, खनन द्वारा प्रदूषण, ग्रामीण अपशिष्ट प्रबंधन इत्यादि के संबंध में कार्ययोजना क्रियान्वित की जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-wetland-authority-s-fifth-meeting